| |
|---|
| दिनांक 21.07.2024 |
| प्रेस विज्ञप्ति 25/2024 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद झाँसी/थाना मोठ**

- **लूट की घटना का अनावरण**
- **पुलिस कार्यवाही में 04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 93 हजार 370 रूपये नगद**
- **लूट के 02 टेबलेट**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 20.07.2024 को थाना मोठ व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर भाण्डेर रोड, शीतला विद्युत गृह के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो मोटर साइकिल सवार बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1—जतिन उर्फ जतन घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2—हरेन्द्र 3—अतुल 4—राज सहित गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 93 हजार 370 रूपये नगद, लूट के 02 टेबलेट, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल बरामद हुई। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 17.07.2024 को थाना मोठ क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना मोठ पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया, टेबलेट आदि लूट की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना मोठ पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—जतिन उर्फ जतन निवासी तिवरयाना कस्बा व थाना समथर जनपद झाँसी।

2—हरेन्द्र निवासी हिममालन कस्बा व थाना समथर जनपद झाँसी।

3—अतुल निवासी माधवपुरा थाना भाण्डेर जनपद दतिया मध्यप्रदेश।

4—राज निवासी तिवरयाना कस्बा व थाना समथर जनपद झाँसी।

**बरामदगी**

1—लूट के 93 हजार 370 रूपये नगद।

2—लूट के 02 टेबलेट।

3—02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

4—घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल।

**जनपद बुलन्दशहर/थाना डिबाई**

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 72 हजार रूपये नगद**
- **लूट के 02 मोबाइल फोन, आधार कार्ड, पासबुक आदि**
- **घटना में प्रयुक्त चोरी की 01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 21.07.2024 को थाना डिबाई पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 03 अभियुक्तों 1—जोशी कुमार 2—योगेश उर्फ योगेन्द्र 3—पोला उर्फ घनश्याम उर्फ घमंडी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 72 हजार रूपये नगद, लूट के 02 मोबाइल फोन, आधार कार्ड, पासबुक आदि, घटना में प्रयुक्त चोरी की 01 मोटर साइकिल बरामद हुई।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 09.07.2024 को थाना डिबाई क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना डिबाई पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया, मोबाइल फोन आदि लूट की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना डिबाई पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—जोशी कुमार निवासी ग्राम उमरारा थाना डिबाई जनपद बुलन्दशहर।

2—योगेश उर्फ योगेन्द्र निवासी ग्राम बांधोर थाना डिबाई जनपद बुलन्दशहर।

3—पोला उर्फ घनश्याम उर्फ घमंडी निवासी ग्राम बांधोर थाना डिबाई जनपद बुलन्दशहर।

**बरामदगी**

1—लूट के 72 हजार रूपये नगद।

2—लूट के 02 मोबाइल फोन, आधार कार्ड, पासबुक आदि।

3—घटना में प्रयुक्त चोरी की 01 मोटर साइकिल।

## जनपद हापुड़/थाना गढ़मुक्तेश्वर

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 01 लाख 18 हजार रूपये नगद**
- **चोरी के सोने—चाँदी के आभूषण**
- **चोरी की 13 घड़ी, 06 मोबाइल फोन, 03 ट्रॉली बैग**
- **01 पिस्टल की अवैध मैग्जीन**
- **घटना में प्रयुक्त 01 अर्टिगा कार आदि बरामद**

दिनांक 21.07.2024 को थाना गढ़मुक्तेश्वर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर फुलडी नहर बम्बे के पास से 02 अभियुक्तों 1— सुनील उर्फ

नन्दकिशोर 2–नवदेश उर्फ टोटी को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया, गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 01 लाख 18 हजार रूपये नगद, चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण, चोरी की 13 घड़ी, 06 मोबाइल फोन, 03 ट्रॉली बैग, 01 पिस्टल की अवैध मैग्जीन, घटना में प्रयुक्त 01 अर्टिगा कार आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि थाना गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना गढ़मुक्तेश्वर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया, आभूषण आदि चोरी की घटना से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त सुनील उर्फ नन्दकिशोर के विरूद्ध जनपद हापुड़, मुरादाबाद, अमरोहा, कमिश्नरेट गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर व दिल्ली एवं हरियाणा प्रान्त के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 42 अभियोग एवं अभियुक्त नवदेश उर्फ टोटी के विरूद्ध जनपद हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर, दिल्ली व हरियाणा प्रान्त के विभिन्न थानो में चोरी आदि के 10 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना गढ़मुक्तेश्वर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–सुनील उर्फ नन्दकिशोर निवासी मीरपुर कतौरी थाना अगौता जनपद बुलन्दशहर।

2–नवदेश उर्फ टोटी निवासी मो0 मॉ वैष्णोपुरम थाना बालादरी जनपद बरेली।

**<u>बरामदगी</u>**

1–चोरी के 01 लाख 18 हजार रूपये नगद।

2–चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण।

3–चोरी की 13 घड़ी, 06 मोबाइल फोन, 03 ट्रॉली बैग।

4–01 पिस्टल की अवैध मैग्जीन।

5–घटना में प्रयुक्त 01 अर्टिगा कार आदि।

## जनपद प्रतापगढ़/थाना लीलापुर

- **पुलिस कार्यवाही में 06 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 वरना कार, 01 पिकअप, 01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 21.07.2024 को थाना लीलापुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम देवली के पास बदमाशों की घेराबन्दी की गई तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–इश्तियाक घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2–विजय 3–राकेश 4–संदीप 5–दीपक 6–अब्बास सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, 01 वरना कार, 01 पिकअप, 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

इस सम्बन्ध में थाना लीलापुर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–इश्तियाक निवासी हण्डौर थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़।

2–विजय निवासी करदहा थाना जलालपुर जनपद जौनपुर।

3–राकेश निवासी विन्दा थाना फूलपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

4–संदीप निवासी रामपुर सुबरी खरका थाना जलालपुर जनपद जौनपुर।

5–दीपक निवासी विन्दा थाना फूलपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

6–अब्बास निवासी हण्डौर थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़।

**बरामदगी**

1–03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

2–01 वरना कार, 01 पिकअप, 01 मोटर साइकिल आदि।

## जनपद आजमगढ़/थाना कोतवाली

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)**
- **चोरी की मोटर साइकिल के भारी मात्रा में पार्टस (18 इंजन, 20 चेचिंस, 10 साइलेंसर, 24 साकर, 14 टंकी, 04 हेडलाइट, 18 रिम आदि) बरामद**

दिनांक 20.07.2024 को थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर हाफिजपुर के पास से 02 अभियुक्तों 1—सुनील 2—श्याम नारायण को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट), चोरी की मोटर साइकिल के भारी मात्रा में पार्टस (18 इंजन, 20 चेचिंस, 10 साइलेंसर, 24 साकर, 14 टंकी, 04 हेडलाइट, 18 रिम आदि) बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त सुनील के विरूद्ध जनपद आजमगढ़ के विभिन्न थानो में चोरी, धोखाधड़ी आदि के 09 अभियोग एवं अभियुक्त श्याम नारायण के विरूद्ध जनपद आजमगढ़ के विभिन्न थानो में चोरी, धोखाधड़ी आदि के 08 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### गिरफ्तार अभियुक्त

1—सुनील निवासी मलिक सुदनी थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ़।

2—श्याम नारायण निवासी करखिया थाना रौनापार जनपद आजमगढ़।

### बरामदगी

1—चोरी की 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)।

2—चोरी की मोटर साइकिल के भारी मात्रा में पार्टस (18 इंजन, 20 चेचिंस, 10 साइलेंसर, 24 साकर, 14 टंकी, 04 हेडलाइट, 18 रिम आदि)।

## जनपद मथुरा/थाना सदर बाजार

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **04 हजार 900 रूपये नगद**
- **102 एटीएम कार्ड, 03 मोबाइल फोन**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस**
- **01 चार पहिया वाहन आदि बरामद**

दिनांक 21.07.2024 को थाना सदर बाजार व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर औरंगाबाद, मण्डी के पास से एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने वाले 03 अभियुक्तों 1–कैलाश 2–पंकज उर्फ पिंटू 3–अंकुर उर्फ सागर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 04 हजार 900 रूपये नगद, 102 एटीएम कार्ड, 03 मोबाइल फोन, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस, 01 चार पहिया वाहन आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त कैलाश के विरूद्ध जनपद मथुरा, बुलन्दशहर, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट आदि के 09 अभियोग, अभियुक्त पंकज उर्फ पिंटू के विरूद्ध जनपद मथुरा, अलीगढ़, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के विभिन्न थानो में चोरी, धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट आदि के 07 अभियोग एवं अभियुक्त अंकुर उर्फ सागर के विरूद्ध जनपद मथुरा, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के विभिन्न थानो में चोरी, धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट आदि के 09 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना सदर बाजार पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–कैलाश निवासी शाहपुर कला थाना खुर्जा देहात जनपद बुलन्दशहर।

2–पंकज उर्फ पिंटू निवासी शाहपुर कला थाना खुर्जा देहात जनपद बुलन्दशहर।

3–अंकुर उर्फ सागर निवासी भावोकरा थाना जेवर कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी**

1–04 हजार 900 रूपये नगद।

2–102 एटीएम कार्ड, 03 मोबाइल फोन।

3–02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

4–01 चार पहिया वाहन आदि।

## जनपद बरेली/थाना फतेहगंज पश्चिमी

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 25 लाख 32 हजार रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 211 ग्राम अवैध स्मैक बरामद**

दिनांक 20/21.07.2024 की रात्रि थाना फतेहगंज पश्चिमी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बल्लिया पश्चिमी पुल के पास से अभियुक्त पंकज को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से लगभग 25 लाख 32 हजार रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 211 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना फतेहगंज पश्चिमी पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–पंकज निवासी गुलामगंज थाना खजुरिया जनपद रामपुर।

**बरामदगी**

1–लगभग 25 लाख 32 हजार रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 211 ग्राम अवैध स्मैक।

———————